'इंप्रूवमेंट ट्रस्ट के भूखंड फ्रीहोल्ड करने की नीति बनाएं'

राब्यू, लखनऊ : अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त (आइआइडीसी) आलोक टंडन ने इंप्रूवमेंट ट्रस्ट की ओर से आवंटित भूखंडों के समाप्त पट्टे की भूमि को फ्रीहोल्ड करने के लिए आवास विभाग को नीति का प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि सभी विभागों को उद्यमियों की समस्याओं का नीतियों व नियमों के अनुसार निश्चित समय-सीमा में निस्तारण करने की जिम्मेदारी लेनी होगी। वह गुरुवार को राज्य की नई निवेश प्रोत्साहन एवं सुविधा एजेंसी 'इन्वेस्ट यूपी' की उद्यमियों के साथ पहली उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। वर्चुअल बैठक में इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, लखनऊ की ओर से इंप्रूवमेंट ट्रस्ट/लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा पट्टे पर आवंटित औद्योगिक भूखंडों को फ्रीहोल्ड करने का मुद्दा उठाया गया था।